तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 15 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

16 समाधान महाविद्यालय में निःशुल्क समर कैंप...

16 गलियों में मुरुम डालने से सिंघौरीवासियों को राहत



## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।








संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.


**खबर संक्षेप**

### जल-वन-जन अभियान पर पदयात्रा व रैली कल

**बेमेतरा।** जल-वन-जन "एक प्राकृतिक बंधन अभियान" के अंतर्गत जन जागरूकता बढ़ाने हेतु 16 जून (सोमवार) को बेमेतरा जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में पदयात्रा/रैली का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान जल, वन एवं जन के परस्पर संबंध और संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिला स्तर पर यह पदयात्रा प्रातः 7.00 बजे जय स्तंभ चौक, बेमेतरा से प्रारंभ होगी। रैली के समापन पर जल संरक्षण की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, छात्र, स्वंयसेवी संगठन एवं विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नगरीय प्रशासन, शिक्षा, वन, जल संसाधन,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, यातायात, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आयोजन स्थल पर समय से उपस्थित रहकर निर्धारित कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि अभियान का संदेश व्यापक स्तर तक पहुँच सके।

### विमान हादसे के मृतकों को शिवसेना ने दी श्रद्धांजलि

**बेमेतरा।** अहमदाबाद में हाल ही में हुए दर्दनाक विमान हादसे को लेकर पूरे देश में शोक की लहर है। इस हादसे में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिससे देशभर में पीड़ा है। इसी क्रम में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना जताई है। जिले के प्रभारी एवं शिवसेना प्रदेश सचिव दाऊ राम चौहान ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने कई परिवारों को जीवनभर का दुख दे दिया है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। चौहान ने कहा, "इस दुख की घड़ी में हम उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की ओर से हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। चौहान ने आगे कहा कि यह हादसा केवल एक तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि हमारे नागरिक उड्डयन सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### विधायक गजेन्द्र यादव स्वस्थ, लौटे घर

**दुर्ग।** स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण दो दिन अस्पताल में भर्ती होकर चिकित्सकीय उपचार पश्चात विधायक गजेन्द्र यादव घर लौट गये है। चिकित्सको ने पूरी तरह से स्वस्थ होने के उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए है। उन्होंने सभी के स्नेह और शुभकामनाओ के लिए हृदय से आभार जताया है। जल्दी ही जनता की सेवा में पुनः सक्रिय होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों घर के सामने टेनिस खेलने के दौरान वे घायल हो गए थे। उनकी तबियत बिगड़ने के ब ाद अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## समस्या : 4 किमी का मार्ग जानलेवा पर नहीं की जा रही मरम्मत

# गुधेली-बेरलाकला मार्ग जर्जर व टूटे पुल से दुर्घटना की आशंका बढ़ी, अधिकारी हैं मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/भिंभौरी

जिले के ब्लॉक बेरला के सीमावर्तीय क्षेत्र ग्राम बेरलाकला जिले का अंतिम सीमावर्तीय गाँव है जोकि राजधानी रायपुर से खारून नदी होते हुए बेमेतरा जिला को जोड़ती है। किन्तु व्यवसायिक एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से सक्षम ग्राम गुधेली से बेमेतरा जिला का अंतिम गाँव बेरला कला जाने का महज 04 किमी का मार्ग अब आम रास्ता नहीं रहा बल्कि जानलेवा हो चुका है।

- पानी गिरने के बाद समस्या और विकराल हो जाएगी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्मित सड़क जर्जर व पुलिया स्लैब धस जाने से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बन गए है। ग्राम गुधेली से बेरलाकला के बीच सड़क मार्ग बहुत ज्यादा खराब होने से आम जनमानस को आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी जून माह में मौसम परिवर्तन के चलते बारिश व उतार चढ़ाव हो रहे है। जिससे कोई दिन बारिश होने पर सड़क की जर्जर व गड्ढे के कारण सड़क की सही स्थिति पता कर पाना मुश्किल हो जाते है। जिससे लोग कई बार गड्ढे में समा जाने के कारण गिर जाते है। इससे चोटिल होना आम बात हो गए है। वही रात्रि के समय इस मार्ग से चलना मौत के बराबर है। बेरलाकला और गुधेली के बीच दो पुलिया है जो अभी बहुत जर्जर व धस जाने के कारण रास्ता खराब हो गए।




### धसे पुल पर मिट्टी डालकर काम चलाया जा रहा

वही कुछ सज्जन द्वारा धसे हुए जगह के चारो ओर मिट्टी डाल दिया है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। लेकिन सम्बंधित विभाग के कान में अब तक जूं नहीं रेंग रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मानना है कि विभागीय अधिकारी कोई बड़ी दुर्घटना के इंतजार या फिर अप्रिय जनहानि के मौके देख रहे है। आने वाले दिनों में इसका अंदाजा आप लगा सकते है कि विभाग चैन के निद्रा में सोए हुए है। सड़क में हुए अनगिनत गड्ढे की मरम्मत नहीं होना सवाल उठने लगे है। वही ग्रामीणों का कहना है कि बेरलाकला व गुधेली जिले के अंतिम सीमा पर होने के कारण विभाग यह तक जांच करने तक नहीं आते। सड़क में कई गड्ढे ऐसे है जहां हादसों के लिए रात के अँधेरे की आवश्यकता नहीं है। इतने खतरनाक गड्ढे हैं कि आये दिन कई हादसे देखने को मिलते है तो वहीं खारून नदी पर निर्मित बाना बेरला एनिकट की हालत जर्जर होने के बावजूद रोजाना सैंकड़ों ओवरलोड ट्रकों का निरंतर आवागमन भी बेमेतरा जिला की ओर बना रहता है। जबकि इसी सड़क पर ग्राम बेरला कला से अधिकांश विद्यार्थी रोजाना गुधेली स्कूल आते हैं तो वहीं बेरला भिंभौरी तहसील क्षेत्र के कई गाँवों के हजारों लोग जो कि औद्योगिक क्षेत्र उरला, बिरगांव, रायपुर शहर की ओर रोजाना काम पर जाते हैं वे गुधेली बेरलाकला मार्ग से होते हुए ही राजधानी की ओर जाते हैं जिन्हे सड़क और पुल खराब होने की वजह से आए दिन कई दिक्क़तों का सामना करना पड़ता है।

## भाजपा एवं ईडी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुकमा जिला कांग्रेस भवन को ईडी द्वारा अटैच किए जाने के विरोध में शनिवार को कांग्रेस ने बेमेतरा में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शहर के पुराने बस स्टैंड चौक पर भाजपा और ईडी का पुतला दहन कर रोष जताया गया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अब ईडी जैसे संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है ताकि कांग्रेस की जनहितकारी आवाज को दबाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कवासी लखमा प्रकरण की आड़ में कांग्रेस कार्यालय को भी संपत्ति बताकर अटैच करना यह दिखाता है कि भाजपा कांग्रेस से घबरा गई है। छाबड़ा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद आम लोगों के कार्य ठप पड़े हैं। जनता ने बदलाव की उम्मीद में सत्ता सौंपी थी, लेकिन अब उन्हें पछतावा हो रहा है। केंद्र सरकार भी अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए लगातार ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

**जनहित में आवाज करेंगे बुलंद** -कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं, हम जनहित की आवाज हमेशा बुलंद करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़,मिथिलेश वर्मा, मिंटा नामदेव, मनोज शर्मा, ललित विश्वकर्मा, प्रांजल तिवारी, राजू साहू, जोगेंद्र छाबड़ा, राम ठाकुर, तोकेश्वर साहू, प्रकाश ठाकुर, रघु तिवारी, नरेश सिंह परपोड़ी, लाला साहू, भिखम साहू, रवि गुप्ता, अतुल साहू, ऋतिक तिवारी, कौनेन अली एवं उत्पल गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मां भारती सेवा समिति ने 3 दिनों तक बांटे शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया

भीषण गर्मी से राहत दिलाने का सराहनीय प्रयास करते हुए मां भारती सेवा समिति द्वारा भारत माता चौक पर विगत तीन दिनों से शीतल जल व शरबत का निःशुल्क वितरण किया गया। चौक पर स्थापित भारत माता की प्रतिमा के समक्ष यह सेवा कार्य जनसहयोग से संपन्न हुआ, जो राहगीरों के लिए संजीवनी साबित हुआ।

पहले दिन समिति की ओर से शरबत वितरण हुआ, दूसरे दिन सरिता जैन व तीसरे दिन जय अंबे ट्रैवेल्स के संचालक आनंद साहू (बेमेतरा) के सहयोग से वितरण किया गया।कार्यक्रम की समाप्ति पर समिति ने जय अंबे ट्रेवल्स के संचालकों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। समिति का यह एकमात्र संकल्प है कि दान का सही उपयोग, और समाज के लिए नई प्रेरणा है। इस नेक कार्य को सफल बनाने में उज्वल जैन, विनीत शर्मा, पवन मुरारका, गिरीश शर्मा, पवन बंसल, धनराज सोनी, मनीष क्षत्रिय सहित समिति के सभी सदस्यों की विशेष सहभागिता रही।





## गौ तस्करी रोकने की रणनीति पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया

नगर के गौवंशों की सुरक्षा और गौ तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने स्थानीय गौ रक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में गौ तस्करी की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयास करने और हर संभव सहयोग देने की बात कही गई। श्री देशलहरे ने गौ तस्करों की पहचान, निगरानी और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए गौ रक्षकों से सूचना तंत्र मजबूत करने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने क्षेत्र में गौ रक्षा को लेकर अब तक किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि पुलिस प्रशासन गौ सेवकों के साथ मिलकर कार्य करेगा ताकि एक भी गौवंश की तस्करी न हो सके। बैठक में गौ रक्षक सूरज पाल, दीपक तिवारी, जलेश्वर सिन्हा, महेश दुबे, कमलेश साहू, मनीष सेन, संजय देवांगन, फागूराम सिन्हा, आयुष वैष्णव, अजय सिन्हा सहित अनेक गौ सेवक उपस्थित रहे।

## एडीईओ की परीक्षा आज 19 केंद्रों पर, 5185 परीक्षार्थी होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

व्यवसायिक परीक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा आज 15 जून एक पाली में आयोजित किये जाने वाले सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा के आयोजन के लिए जिले में जहां 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।सीनियर प्रोफेसर व समन्वयक डी आर साहू ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा की केंद्राध्यक्ष अलका तिवारी ने बताया की शिक्षकों की ब्रीफिंग लेकर परीक्षा सबंधी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। ब्रीफिंग में ऑब्जर्वर के रूप में डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू मौजूद रहे। ओर सभी परीक्षा केन्द्रों में आब्जर्वर की उपस्थिति में वीक्षकों को पूर्ण प्रशिक्षण दे दिया गया है। वही केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों में समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा के द्वारा तथा जिला प्रशासन के द्वारा एक-एक आब्जर्वर की भी नियुक्ति किया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर आज 15 जून प्रातः 8 बजे प्रश्न पत्र एवं ओएमआर की पेटी लेकर संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचेंगे और परीक्षा के उपरांत वापस उन पेटियों को समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में जमा करेंगे। जबकि समन्वय संस्था द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन में अपनी सहभागिता देंगे। परीक्षा एक ही पाली में सभी परीक्षा केंद्रों में प्रातः 10 बजे से 12.15 तक होंगी।

## विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान की लोगों को प्रेरण दी

# शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रहित, समाजसेवियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बेमेतरा एवं जिला चिकित्सालय बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एवं रेडक्रॉस जिला संगठक के सदस्य की मौजूदगी पर शिविर में कुल 33 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ समाजसेवियों और रक्तमित्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज के सभी वर्गों से आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में सीएमएचओ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू, अस्पताल सलाहकार डॉ स्वाति यदु, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी स्वास्थ्य विभाग,जिला रेड क्रॉस संयोजक शत्रुघ्न साहू, जिला संगठक उपेंद्र सैगर, जीवन एक मुस्कान अनेक संस्था कुसमी बेमेतरा, समाज सेवक ताराचंद महेश्वरी, समाज सेविका पार्षद नीतू कोठारी,रश्मि फनेंद्र मिश्रा,वर्षा गौतम,शशि तिवारी, डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी सहित स्वैच्छिक रक्तदाता शिविर में जिला अस्पताल ब्लड बैंक से स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सेवा प्रदान किया उनमें एमएलटी विजय कुमार दौरे, भूपेंद्र कुर्रे, धंन्नू वर्मा, कुलेश्वरी साहू ब्लड काउंसलर,हरिशंकर, सारीको वार्ड आया प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।




### इन रक्तदाताओं स्वैच्छिक रक्त दान किया

विश्व रक्तदान दिवस रक्त दान करने वालों में पोषण वर्मा, झम्मन निषाद, हेमंत पुलेती, जलेश्वर चंद्राकर , देवीलाल, दीपक वर्मा लेखराज साहू, श्वेता राजपूत रमेश पाल, लक्ष्मी नारायण सिंह, उपेंद्र सैगर, सतीश कुमार यादव, तेजस कुमार सिन्हा, दिनेश देवांगन, कल्याणी देवांगन, योगिता साहू, संतोष नामदेव,नारायण यादव, शत्रुघ्न सिंह साहू, केशव चंद्र साहू धनु वर्मा, सुमित जोशी, आयुष अग्रवाल, संजय वर्मा, ऐश्वर्या सिन्हा, देवघर वर्मा, चमपेश्वर वर्मा, रश्मि मिश्रा, राकेश कुमार वर्मा, जितेंद्र साहू, ईश्वर सिंह राजपूत रहे। इन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप



### विधायक ने सुनी लोगों की समस्या

**भिलाई।** विधायक ललित चंद्राकर में शुक्रवार को अपने निवास पर लगे जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण किया। लोगों ने विधायक के सामने सीवरेज, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, नाली, बिजली लाइन, स्कूलों में टीचर, राजस्व प्रकरण, बाटा हिस्सा, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, बरसात में गावों में कीचड़ समस्याएं , बिजली की समस्याएं रखी। विधायक ने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। विधायक ने आगे कहा की प्रति दिन क्षेत्र की जनता से शिष्टचार भेंटकर उनकी समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को निर्देशित त्वरित निराकरण किया जाता हैं। जानता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

### धमधा नगर सहित अंचल में बिजली कटौती से लोगों को हो रही परेशानी

# क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा में पूरे नगर सहित क्षेत्र में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती अपने चरम सीमा पर है। पूरा नगर इस भीषण बिजली कटौती परेशानी से जूझ रहे हैं। एक तरफ बिजली बिल की भारी मार और दूसरी तरफ बिजली पर्याप्त रूप से ना मिल पाना लोगों के लिए बड़ी परेशानी की जड़ बन गई है। अगर बात करें तो दिन के पूरे 12 घंटे और रात के पूरे 12 घंटे में तकरीबन 20 से 30 बार बंद चालू जैसी आंख मिचौली विद्युत विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था में की जाती है।

हवा पानी जैसे प्राकृतिक वातावरण में तो एक-दो घंटा बिजली की कटौती आम बात सी हो चली है। मेंटनेंस के नाम पर विभाग जीरो है। पिछले कई दिनों से रात को घंटो लाइन बंद किया जाता है और जीवन की सबसे अहम मूल्य पेयजल व्यवस्था पर भी इसका काफी असर पड़ा है। एक तो इस भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था पूर्ण नहीं हो पा रही है वहीं जिस समय में पीने के पानी का नल नगर में चालू होता है और जब तक के बंद होता है। उसे समय अवधि में बिजली की कटौती की जाती है जिससे नगर के लोग काफी परेशान है।

**व्यवस्था जल्द ही नहीं सुधारी गई तो होगा बड़ा आंदोलन**



बात करें विद्युत के बार-बार आंख मिचौली से कई घरों में विद्युत से चलने वाली चीजें खराब हो रही है। बार-बार लाइट बंद चालू होने की वजह से इलेक्ट्रॉनिक चीजों का खराब होना लाजमी है। नगर में व्याप्त इस बड़े परेशानी के चलते नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के द्वारा शुक्रवार को विद्युत विभाग का घेराव करने का और व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर बड़े पैमाने पर आंदोलन करने का ज्ञापन धमधा विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि पिछली भूपेश सरकार ने तो बिजली बिल हाफ किया था और वर्तमान की भाजपा सरकार ने तो बिजली को ही हाफ कर डाला। आमजनों से इस प्रकार विद्युत आपूर्ति में खेल करना और बिजली बिल को बड़े पैमाने पर वसूली करना क्या यही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में लिखा हुआ है। जनता त्रस्त है अधिकारी मस्त है और छत्तीसगढ़ की सरकार जुमलेबाज़ी में व्यस्त है। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, निर्मल कुमार जैन, शमशेर कुरैशी, हिम्मत लाल ढीमर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रजत नायक, सुमंत ताम्रकार, दुखवा पटेल, जितेंद्र वर्मा, देवनाथ सोनकर, नंदकुमार निर्मल, दिनेश पटेल, मुकुल यादव, ओम नारायण ताम्रकार, दीनबंधु सोनकर, संदीप गुप्ता, विनोद कुमार, ठाकुर राम, मनोज यादव, कलीम मोहम्मद कुरैशी, उमेश चंद्र यादव, ज्वाला प्रसाद, किशन ढीमर, विनोद पटेल, राधे साहू, परमेश्वर साहू सहित नगर के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# घर-घर नल जल योजना का लाभ पहुंचाने आप ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नल जल योजना के नाम पर सरकार ने करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की है। कई जगह पर बड़े-बड़े पानी टंकी का निर्माण करवाया सड़कों तथा गलियों को खोद कर पाइपलाइन बिछाई गए है लेकिन जिस योजना का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार की कार्य किया गया था उस लाभ से गरीब तथा मजदूर जनता आज भी वंचित है।

- गरीब तथा मजदूर जनता आज भी वंचित

दैनिक मूलभूत कार्यों की शुरुआत का पानी के द्वारा ही होती है महिलाएं बिना पानी के घर में किसी भी कार्य को नहीं कर पाती है। परंतु नल जल योजना भी आज भ्रष्टाचार की भेट चढ़ चुकी है। सड़कों तक नल का कनेक्शन पहुंचने के बावजूद भी घरों में नल की सुविधा प्रदान करने के लिए पार्षदों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के नाम पर गरीब मजदूर लाचार जनता से 3000 से लेकर 8000 तक की राशि की मांग की जा रही है। वार्ड वासियों ने अपनी समस्या आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी संजीत विश्वकर्मा तथा गीतेश्वरी बघेल से आकर साझा किया उन्होंने जनता की आवाज बनकर 13 जून को नगर निगम रिसाली में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन को घर-घर तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी में प्रदेश संगठन मंत्री एवं दुर्ग संभाग प्रभारी संजीत विश्वकर्मा, दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल, वरिष्ठ सदस्य अजय रामटेके, मोहसिन अहमद, शिवा रायुडु, रमेश विभार, लक्ष्मी निर्मलकर, ओम बाई मरार , कामिनी साहू, शशि कला मेहता, खुशबू साहू, पुष्पा रावते, जानकी, आग्रहिक, चंद्रकला, गीतेश, मंजू, मानबाई आदि उपस्थित थे।

**समस्या का निराकरण शीघ्र कराएं**

विडंबना यह है कि नगर निगम आयुक्त तथा महापौर को जनता की इस गंभीर समस्या से कोई वास्ता ही नहीं है। दोपहर के 1 बजे तक नगर निगम में नहीं आयुक्त की उपस्थिति दिखाई देती है और ना ही महापौर की। गरीब जनता सुबह 10 बजे से उनका इंतजार करते-करते थक गई अंत में निगम के अधिकारी दुबे को ज्ञापन देकर आम आदमी पार्टी के द्वारा निवेदन किया गया कि इस समस्या का निराकरण में शीघ्र अतिशीघ्र कराए। रिसाली नगर निगम के अलावा दुर्ग के अन्य सभी नगर निगम क्षेत्र के अन्य नगर निगम में नल जल कनेक्शन को घर तक पहुंचाने के लिए बीपीएल कार्ड धारी से किसी भी प्रकार की राशि के भुगतान का प्रावधान नहीं है परंतु अधिकारियों का कहना है कि क्योंकि रिसाली नगर निगम नवीनतम नगर निगम है। इसलिए यहां पर नल जल कनेक्शन को घर तक लेकर जाने के लिए 5000 तक की न्यूनतम राशि का भुगतान करना आवश्यक है। गरीब तथा मजबूर जनता स्तब्ध है वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति तो सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। इसमें 5000 का अतिरिक्त दबाव वह किस प्रकार से वहन करेंगे।

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जिला पंचायत दुर्ग का नाम दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का महत्व सिर्फ लाभार्थियों को पक्का छत मुहैया कराना ही नहीं है साथ ही उन्हें बेहतर जीवनशैली स्वच्छ और स्वच्छ पर्यावरण के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी है। इसी तारतम्य में जिला पंचायत दुर्ग अंतर्गत पाटन दुर्ग और धमधा विकासखंड की ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना से बनाए जा रहे आवास के साथ-साथ वर्षा जल संचयन के संदेश देने के लिए जिले की 1200 आवास हितग्राहियों के घरों में स्वप्रेरणा से सोकपीट निर्माण कार्य कराया गया। जिसमें पाटन विकासखंड के 108 ग्राम पंचायतों में 432 सोकपीट निर्माण कराया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की तरफ से डॉ. मनीष विश्नोई डायरेक्टर और सुबोध कुमार सदस्य द्वारा पाटन ब्लाक में आवास हितग्राहियों द्वारा स्वप्रेरणा से बनाए जा रहे सोकपीट का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत ढौर माणिकचौरी और पतोरा का दौरा कर आवास हितग्राहियों से चर्चा की और वर्षा जल संचयन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, सीईओ जनपद पंचायत पाटन पठारे, अभिजीत बबन आईएएस, मनरेगा एपीओ अरदीप ढीढी, अतिरिक्त सीईओ श्वेता यादव, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी डालिमलता नाग, एसडीओ राकेश वर्मा, सरपंच ढौर मेघा ठाकुर, सरपंच माणिकचौरी महेश साहू, सरपंच पतोरा भुनेश्वर साहू, सचिव महेंद्र साहू, प्रदीप चंद्राकर, श्यामा चंदेल आदि उपस्थित थे।



### दिव्या ने जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

**दुर्ग।** दाजर्लिंग शहर के मॉल रोड स्थित गोरखा आडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता आल इण्डिया नेशनल डांस म्युजिक इंस्ट्रुमेंट एवं फाइन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह आयोजन कत्थक रॉकर्स संस्था के डायरेक्टर चेतन बोरकर द्वारा वर्ष 2018 से तारंगण एवं नृत्या रंजन नामों से देश के विभिन्न शहरों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष दुर्ग शहर के निशा नृत्य कला की छात्रा दिव्या यादव ने सब-जूनियर केटेगरी में एकल कत्थक नृत्य में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु नृत्य रंजनी पुरस्कार प्राप्त किया और आगामी वर्ष के प्रतियोगिता के हेतु सीधी एंट्री प्राप्त की। दिव्या यादव ने इसके बाद दो जून को सब जूनियर युगल-सेमी क्लासिकल (कत्थक) में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अपने गुरू अरुणिमासेन अनामिका सेन तथा अपने पिता उमेश यादव माता इद्राणी यादव का नाम रोशन किया है।

# ग्राम पंचायत अंडा में सीसी रोड का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में वार्ड नंबर 3 में सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। कार्य के समय जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने बताया कई वर्षों से वचित वार्ड क्रमांक 3 में कार्य हो रहा हैं। विकास प्राधिकरण से बन रहा है जिसमें वार्डवासियों ने हर्ष जताया कि कई वर्षों के बाद हमारे मोहल्ले का सीसी रोड बन रहे हैं। जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विधायक ललित चन्द्राकर का आभार व्यक्त किया गया। सरपंच ने बताया कि यह कार्य 310 मीटर के दूरी और लागत 10 लाख के आस पास से यहां कार्य हो रहा है । इस अवसर पर पंचायत सचिव



रूपेश सिंह, उपसरपंच यशवंत बंजारे, पंचगण गोपाल साहू, फत्ते चन्द्राकर, हेमेंद्र चौहान, यादवेंद्र चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीणजनों ने हर्ष जताया।

# निकुम में 19 जून से शिव महापुराण कथा के लिए कई रुट डाइवर्ट, चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले से महज 25 किमी दूर ग्राम निकुम में आगामी 19 जून से 23 जून तक अंतरराट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा होनी है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की पहुंचने की आशंका को देखेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्र में लगातार मेहनत करते दिख रही है। पुलिस अधिकारी क्षेत्र में लगातार

- जगह –जगह पुलिस की तैनाती भक्तों का लगेगा तांता

व्यवस्था में लगे हुए हैं जिसके चलते निकुम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी औश्र 19 जून से रुट बदल जायेगी। बिना परमिशन भारी वाहनों पर एंट्री बैन रहेगी। वही थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव ने कहा कि सभी यातायात के नियमो को पालन करे, जिसमें यातायात में 200 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। वहीं बड़ी संख्या में कथा स्थल में पुलिस की तिरझी नजर रहेगी। वहीं शिव महापुराण निकुम के संयोजक पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ने कहा कि इस आयोजन में शासन प्रशासन सहित सभी का सहयोग कर रहे हैं। वहीं शिव भक्तो के लिए बैठने, पेयजल सहित भोजन भंडारा रहेगा और इस आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज नेता आएंगे।



**शिवभक्तों के लिए यह रहेंगे रूट, करेंगे वाहन पार्किंग**

**रायुपर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, पुलगांव चौक से ओर जायेगी वाहन:** रायुपर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग पुलगांव चौक से कोनारी मोड़ भरदा से शिवनाथ नदी पुल से होते हुए तांदुला सेतु ग्राम आलबरस से कार्तिकेय फयुल से होते हुए खाड़ा, रुदा, भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पार्किंग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुंचेंगे।
**अंजोरा से कथा स्थल निकुम:** कवर्धा, बेमेतरा, भिलाई से अंजोरा से बिरेझर से खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पार्किंग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुंचेंगे।
**सोमनी से राजनादगांव की पांर्किग व्यवस्था:** सोमनी से ईरा, झोला, तिरगा से गोडेला चौक में स्थल में वाहन पार्किंग कर पैदल कथा पंडाल निकुम पहुंचेंगे।
**अर्जुन्दा से मोंहदी पाठ चौक पांर्किग स्थल:** जिले के बालोद, धमतरी, अर्जुन्दा से डुड़िया चौक से मोंहदीपाठ में पांर्किग स्थल से कथा पंडाल पहुंचेंगे।
**अण्डा अटल चौक से कथा स्थल:** रायपुर, दुर्ग, धमतरी से अटल चौक से चिंगरी से अछोटी से आलबरस से खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पांर्किग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुंचेंगे।
**अंडा बस स्टैण्ड से निकलकर पार्किंग होगी वाहन:** अंडा बस स्टैण्ड से विनायपुर, आमटी से रुट डार्यवर्सन कर भिलाई से खुरसुल में वाहन पार्किंग कर कथा स्थल जायेंगे। **अर्जुन्दा से कथा स्थल पार्किंग:** बालोद, धमतरी, अर्जुन्दा से ओड़ाडसकरी से चीचा से भिलाई से खुरसुल में पार्किंग कर कथा स्थल पहुंचेंगे।

### व्यापमं एडीओ परीक्षा की द्वितीय ब्रीफिंग में दिया अधिकारियों को प्रशिक्षण

**दुर्ग।** व्यापम रायपुर द्वारा 15 जून को सुबह 10 से 12.15 तक आयोजित होने वाली एडीओ अर्थात सहायक विस्तार अधिकारी परीक्षा 2025 में सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के दौरान अपना वैध प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। इस बिन्दु की शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में समन्वय केन्द्र द्वारा दो पालियों में आयोजित केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक क्रमांक 1 तथा समन्वय केन्द्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक क्रमांक 2 के ब्रीफिंग सेशन में जानकारी दी गई। समन्वयक एवं साईंस कालेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में 70 परीक्षा केन्द्रों के 280 अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण देने वालों में नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर डॉ. संजय कुमार दास तथा प्रोफेसर विकास पंचाक्षरी शामिल थे। इनके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह, सहायक समन्वयक डॉ. ए.के. खान, डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी हितेश पिस्दा ने भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त होमन लाल भोसले भी उपस्थित थे।

# शादी से मना किया तो लोक कलाकार पर फेंका गर्म तेल

**भिलाई।** शादी से मना करने पर महिला लोक कलाकार शकुंतता मारकंडेय के चेहरे पर गर्म तेल फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। बुरी तरह झुलसी हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने युवक राकेश साहू के खिलाफ धारा 124(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर जिला अस्पताल से फोन पर जानकारी मिली है। कैंप 1 नेहरु चौक भिलाई निवासी शकुंतला मारकण्डेय 34 वर्ष का उपचार चल रहा है। इसके बाद छावनी पुलिस बयान लेने अस्पताल पहुंची थी। शकुंतला के मुताबिक वह लोक कलाकार और लोकदर्पण छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम करती है। पड़ोसी राकेश साहू नामक युवक उससे शादी की जिद कर रहा है। शादी करने से मना करने पर चेहरे में एसिड डालने की धमकी दी। शकुंतला ने बताया कि 15 अप्रैल को वह यूपी के मिर्जापुर में कार्यक्रम देने पहुंची थी। 12 जून की शाम 4.30 बजे अपनी बेटी हर्षिता के साथ वापस अपने घर केम्प 1 का दरवाजा खोल रही थी। तभी राकेश साहू आया और एक बार फिर शादी की बात की। इंकार करने पर उसे गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा। राकेश अपने साथ कटोरी में गर्म तेल लाया और चेहरे पर फेंक दिया।

### तीन बार तलाक बोलकर महिला को घर से बाहर निकाला

**भिलाई।** दहेज में बाइक नहीं देने पर पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक का हवाला देकर घर से भगाने का मामला सामने आया है। इस दौरान पति ने मारपीट की और सास ने कैंची से हमला कर दिया। आरोपी पति सुपेला निवासी है। सुपेला निवासी नासीर अली के साथ बिलासपुर तारबाहर निवासी 22 वर्षीय युवती के साथ दिसंबर 2022 को हुआ था। युवती के परिजनों ने अपने हैसियत के मुताबिक नासीर अली को दहेज में उपहार दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के महज 10 दिन बाद से ही ससुराल में तानों और प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। तलाक पीड़िता का आरोप है कि पति ने दहेज में बाइक की मांग की थी, लेकिन मायके की आर्थिक स्थिति बताते हुए बाइक देने से इंकार कर दिया।

### निजी स्कूलों को आरटीई के प्रकरणों को सत्यापन करने दिया प्रशिक्षण

# 60% से कम रिजल्ट वाले स्कूलों को व्यवस्था सुधारने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में दसवी और बारहवीं बोर्ड में 100 प्रतिशत रिजल्ट वाले 22 विद्यालयों के प्राचार्यों को शुक्रवार सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड में 60 प्रतिशत से नीचे परिणाम वाले स्कूल प्रबंधकों को यह सख्त हिदायत भी दी है कि वे इस साल पूरी व्यवस्था सुधारें जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चे उत्कृष्ट परिणाम ला सके। इसके अलावा युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज स्कूलों में प्राचार्य हेड रहेंगे।



27 प्राचार्य हुए सम्मानित

**आरटीई का मिला प्रशिक्षण, निजी स्कूलों को तलब**

जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के निजी स्कूलों को भी तलब किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, एपीसी अमित घोष, पुष्पा पुरूषोत्तमन की मौजूदगी में निजी स्कूलों को आरटीई प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि बच्चों के पोर्टल में आवेदनों व दस्तावेजों का सत्यापन कैसे करना है। किस तरह फर्जी प्रकरणों को निपटने के लिए सर्तकता बरतें। सीटों की गणना कैसे की जाती है आदि पर जोर दिया गया।

**16 जून को पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण**

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने मौजूद संस्था प्रमुखों को से कहा कि 16 जून से पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण करना है। इसलिए आवश्यक तैयार कर लें। पाठ्यपुस्तकों में बार कोड है उसका स्कैन कर बच्चों का वितरण करना है। बच्चे गणवेश पहनकर शाला आएं इसलिए गणवेश वितरण करें और उसका प्रापर रिकार्ड मेंटन किया जाएगा।

**प्रवेशोत्सव मनाया जाए पहले दिन**

संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि पहले दिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाए। प्रवेशोत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित करना है। आधार कार्ड का शत-प्रतिशत बच्चों का बने इसके लिए शिविर लगेगा। शिविर 23 जून से अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।

**अपार आईडी बनाने पर दिया जोर**

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने संस्था प्रमुखों का अपार आईडी बनाने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि हर बच्चे का अपार आईडी बनना है इसलिए सबसे पहले बच्चों का आधार कार्ड शत-प्रतिशत बना लें। आधार कार्ड के आधार पर ही अपार आईडी , जाति प्रमाण पत्र आदि बनेंगे।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रमाणिकरण शिविर



**अंडा।** जिला कलेक्टर दुर्ग के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में 12 जून को सिकल सेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रमाणिकरण शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में किया गया। जिसमें 35 हितग्राहियो का पंजीकरण किया गया जिसमें 21हितग्राही का दस्तावेज समाज कल्याण विभाग को सौंपा गया है। उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ तृप्ति तिवारी मेडीसिन विशेषज्ञ, डॉ मनीषा ठाकुर शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कंसलटेन्ट प्रितिका पवार, डॉ. एनएल बंजारे खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. साक्षी ठाकुर चिकित्सा अधिकारी, जीआर भूआर्य आदि उपस्थित थे।

# दो ट्रक भिड़े, लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शुक्रवार की दोपहर को सुपेला फ्लाई ओवर ब्रिज के पास दो ट्रक आपस में भिड़ गए। रायपुर से दुर्ग की ओर जा रहा ट्रक सामने खड़ी कार को ठोकर मारते हुए साइड में खड़ी दूसरी ट्रक से भिड़ गई। हादसे के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया। घटना के बाद फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने जेसीबी के सहारे ट्रकों को अलग किया और जाम खुलवाया। मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर 3 बजे सरिया लोडेड ट्रक दूसरे ट्रक से जा भिड़ी। फ्लाईओवर के संजय नगर सुपेला वाले हिस्से के अंतिम छोर पर कार को ठोकर मारकर ट्रक चालक फ्लाईओवर के एक ओर खड़ी ट्रक को ठोक कर फरार हो गया। हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ लेकिन हादसे के कारण फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया। 40 मिनट तक अफरा तफरी का माहौल फ्लाई ओवर में मचा रहा।

## कार्रवाई : पीड़ित युवती की शिकायत पर कवर्धा महिला पुलिस ने की कार्यवाही

# दैहिक शोषण के आरोप में जिम ट्रेनर किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस ने विवाह का झांसा देकर एक युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 33/2025 (धारा 69 बीएनएस, 376, 376(2) (एन), 313 भादवि) के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवति ने आरोपी सूरज ठाकुर आयु 28 वर्ष निवासी ठाकुर पारा कवर्धा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम के विरूद्ध महिला थाना कवर्धा में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। पीड़िता की इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 33/2025 (धारा 69 बीएनएस, 376, 376(2) (एन), 313 भादवि) दर्ज कर मामले को जांच में लिया। जांच और पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने युवती के साथ अलग-अलग स्थानो पर, विवाह का विश्वास दिलाकर शारीरिक शोषण किया।

साथ ही उसने एक अन्य लड़की से सगाई भी की और इस बात की जानकारी पीड़िता से छिपाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद घटना स्थल का भी निरीक्षण किया साथ ही पीड़िता व आरोपी का शारीरिक परीक्षण भी किया। आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने सूरज ठाकुर को 13 जून की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक कवर्धा में ही जिम ट्रेनर है और इसी जिम में उसकी मुलाकात युवती से हुई थी। आरोपी ने पहले उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

### आरोपी कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित जिम का ट्रेनर



यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी सूरज ठाकुर आयु 28 वर्ष निवासी ठाकुरपारा, कवर्धा न केवल राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी है, बल्कि कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित एक जिम का ट्रेनर भी है। इसी जिम में व्यायाम के लिए आने वाली एक युवती ने सूरज पर शादी का भरोसा दिलाकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने और बाद में दूसरी लड़की से सगाई कर धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी अप्रैल माह में ही सूरज ठाकुर को नेपाल में पदक जीतने पर पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया था। लेकिन आज सम्मान प्राप्त करने वाले वही हांथ हथकड़ी में जकड़े दिखाई दे रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने किया केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी व भाजपा का पुतला दहन

## भाजपा सरकार पर जांच ऐजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप






- कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में भाजपा सरकार व प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन कर भाजपा सरकार तथा ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियां अपनी सीमाओं को लांघ रही हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस के सुकमा जिला कांग्रेस भवन को एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा के परिजनों की संपत्ति ईडी की ओर से अटैच किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। कांग्रेस अपने भवनों के बनाने के खर्च के एक-एक पैसे का हिसाब दे देगी। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रूपए की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रूपए कहां से आया, इसकी जांच करके दिखाए? कांग्रेस नेतओं ने कहा कि ईडी भाजपा के इशारे पर कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके परिजनों की कुछ संपत्तियों को भी अटैच किया है। यह आदिवासी नेता को परेशान करने की साजिश है। उन्होने कहा कि ईडी की कार्यप्रणाली शुरू से ही संदेह के दायरे में रही है। ईडी कांग्रेस नेताओं व विपक्षी दलों को परेशान करने, उनकी छवि धूमिल करने के लिए काम कर रही है। जनता ईडी के इन षड़यंत्रो को भली भांति समझ रही है। इस प्रकार के षड़यंत्रो का जवाब जनता आने वाले समय में देगी। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं के खिलाफ खुलकर दुरूपयोग किए जाने को लेकर ही आज कांग्रेस पार्टी ने ईडी और भाजपा का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नपा का तालाब स्वच्छता अभियान आज

**कवर्धा।** कवर्धा शहर को स्वच्छ सुंदर और विकसित शहर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा साप्ताहिक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने बताया कि इसी कड़ी में 15 जून 2025 को दर्री तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्री तालाब में स्वच्छता अभियान प्रातः 6:00 बजे दर्री तालाब दर्री पारा कवर्धा में किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका प्रशासन, पार्षद, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था तथा शहरवासी शामिल होंगे।

### बीएड विभागीय प्रशिक्षण के लिए चयन सूची जारी

**कवर्धा।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर, रायपुर द्वारा बीएड (विभागीय) सत्र 2025-27 के लिए अंतिम चयन सूची व प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची वेबसाइट व राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी 20 जून तक इस सूची में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार के आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक सात में प्रवेश प्रभारी में अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं।

### हल्की बूंदा बांदी ने बढ़ाई भारी उमस व गर्मी

**कवर्धा।** भीषण गर्मी के बीच शनिवार की शाम को हुई हल्की बूंदा बांदी ने एक बार फिर लोगों को हलाकान और परेशान कर दिया है। बेमौसम हुई इस बूंदा बांदी के बाद भीषण गर्मी के बीच उमस बढ़ गई।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का स्कूल खुलने से पूर्व ही अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन के आदेशानुसार 16 जून से प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ होने जा रहा है लेकिन इससे पूर्व ही 15 जून से छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के आव्हान पर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के साथ कुछ नई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। माना जा रहा है कि स्कूल सफाई कर्मचारियों की एन स्कूल खुलने के पूर्व प्रारंभ होने वाली इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से लम्बे समय बंद पड़े प्रदेश सहित जिले के सरकारी स्कूलों की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के कबीरधाम जिलाध्यक्ष टीकम निर्मलकर ने बताया कि संघ द्वारा लम्बे समय से स्कूल सफाई कर्मचारियों को



पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग की जा रही है। लेकिन संघ की इस मांग पर शासन द्वारा आज पर्यंत कोई निर्णय नहीं लिया है आज भी स्कूल सफाई कर्मचारियों से पूर्वकालीन सेवाएं लेकर अंशकालीन भुगतान किया जा रहा है। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि शासन की युक्तियुक्तकरण नीति से जो स्कूल सफाई कर्मचारी प्रभावित हुए है उन्हें दूसरे स्कूलों में समाजित किए जाने की मांग को लेकर संघ ने 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने का ऐलान किया है। जिसकी जानकारी संघ ने बकायदा ज्ञापन सौंपकर जिला स्तर पर शासन-प्रशासन को दे दी है। संघ ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान समय-समय पर ब्लॉक, जिला, प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।

## शहर में आए हिरन के बच्चे का किया गया रेस्क्यू...



**बोड़ला।** बोड़ला वन परिक्षेत्र अंतर्गत हिंदू संगम भारत भवन के पास स्थित तालाब में बीते शुक्रवार को एक हिरण का बच्चा भटक कर पहुंच गया। इसे गनीमत ही कहें कि हिरन पर आवारा कुत्तों की नजर पड़ने से पहले ही स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू कर उसे वापस जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

# पक्का आवास बन जाने से पूरे परिवार का भविष्य सुखमय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय तक अब शासन की योजनाओं का लाभ सशक्त रूप से पहुँच रहा है। वर्षों से झोपड़ी व कच्चे मकानों में जीवन बिताने वाले इन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय महान्याय (जनमन) आवास योजना आशा की एक नई किरण बनकर उभरी है। बोड़ला विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत राजाढार निवासी देवसिंह बैगा लंबे समय से मिट्टी के कच्चे घर में अपने परिवार के साथ रहते थे। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल सपना था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उनका नाम पात्रता सूची में शामिल किया गया और उनका आवास स्वीकृत हुआ। जैसे ही स्वीकृति मिली, उन्हें निर्माण हेतु पहली किश्त के रूप में 40,000 की राशि उनके खाते में मिली। इसके बाद द्वितीय किश्त 60,000, तृतीय किश्त 80,000 तथा अंतिम किश्त 20,000 भी निर्माण प्रगति के अनुसार जारी की गई। कुल 2 लाख की सहायता से उन्होंने अपना पक्का मकान तैयार कर लिया। इतना ही नहीं श्री देवसिंह को मनरेगा के तहत 95 दिन का रोजगार भी मिला जिससे उन्हें अतिरिक्त 23,000 की मजदूरी प्राप्त हुई। यह उनके लिए आर्थिक रूप से दोहरी मदद साबित हुई। देवसिंह बैगा बताते हैं कि पुराने कच्चे मकान में बरसात के समय पानी टपकता था, दीवारों में सीलन रहती थी और जीव-जंतुओं का डर बना रहता था। अब परिवार सुरक्षित है।

# सांसद प्रतिनिधि समेत गांव के 7 परिवार के 50 सदस्यों का सामाजिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के लोहारा ब्लॉक अंतर्गत सिंघनगढ़ गांव के सरपंच और गांव के कुछ दबंगों ने एक बेतुका फरमान जारी कर सांसद प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच भगवानी साहू समेत 7 परिवार के 50 सदस्यों का समाजिक बहिष्कार कर उनका हुक्का पानी बंद करवा दिया। पीड़ित परिवार अब इस अन्याय के खिलाफ पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पीड़ितों ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला पुलिस अधीक्षक से कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित भगवानी साहू सहित अन्य लोगों ने पुलिस प्रशासन को सौंपे अपने शिकायत पत्र में बताया कि इस पूरी फसाद की जड़



स्थानीय आयुर्वेद अस्पताल में फॉर्मासिस्ट के पद में कार्यरत विद्यासिंह धुर्वे है। जिसने प्रभावित ग्रामीणों के प्रति षड़यंत्र रचा है। श्री साहू ने बताया कि गांव में कुछ दबंगों द्वारा गांव में जुआ, सट्टा खिलाते हैं जिसकी शिकायत विधायक से करते हुए कार्यवाही कराए जाने की मांग की गई थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने हुक्का पानी बंद करने का फरमान जारी किया है। सामाजिक बहिष्कार के लिए सरपंच ने गांव में बैठक भी बुलाई और हमारा सामूहिक बहिष्कार कर दिया। सरपंच ने मुनादी कराई गई है की इन परिवारों से बातचीत या लेनदेन करने पर 1 हजार रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। पीड़ित परिवार इस फैसले से सकते में हैं। सभी बहिष्कृत परिवारों ने अब पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

## बिजनेस प्लस

### डॉ. शिवांग गुप्ता ने डॉक्टर बनने का सपना देख रहे विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**रायपुर।** रसिया से एमबीबीएस की डिग्री हांसिल कर आज भारत के एक सरकारी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहे डॉ. शिवांग गुप्ता ने डॉ बनने का सपना देख रहे देश के विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। डॉ गुप्ता ने एक चर्चा के दौरान बताया कि उन्होने नीट-यूजी पास करने की कोशिश में 3 साल तक पढ़ाई छोड़ दी। उन्होने अपना सबकुछ झोंक दिया। लेकिन यह काफी नहीं था। हर साल, वह पिछले साल से लगभग 80 अंक ज़्यादा स्कोर करते थे, लेकिन कटऑफ बस उनसे आगे भागता रहता था। उन्होने कहा कि यह सब देखकर ऐसा लगता था कि चाहे मैं कितना भी सुधार कर लूं, सिस्टम मुझे सीट नहीं दिला सकता। मुझे लगने लगा था कि शायद मैं डॉक्टर नहीं बन सकता। लेकिन उन्हें 6 साल बाद रसिया में एमबीबीएस करने का विकल्प मिला। उन्होने रसिया से डॉक्टर की डिग्री प्राप्त की, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, दुनिया भर के दोस्त और एक ऐसा करियर प्राप्त किया जिसका उन्होने सपना देखा था। डॉ गुप्ता ने बताया कि आज वह भारत में एक सरकारी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहे हैं और छात्रों को अपना रास्ता खोजने में मदद कर रहे है। ताकि डाक्टर बनने की इच्छा रखने वाले सभी विद्यार्थी अपना सपना साकार करें। डॉ गुप्ता ने बताया कि हर साल, भारत में सिर्फ़ 1 लाख मेडिकल सीटों के लिए 20+ लाख छात्र नीट में प्रतिस्पर्धा करते हैं। सरकारी कॉलेज में तो और भी कम छात्र प्रवेश पाते हैं। इस बीच, निजी कॉलेज 70 लाख से 1.5 करोड़ रुपए मांगते हैं साथ ही भारी मात्रा में डोनेशन लेकिन रसिया में एमबीबीएस की पढ़ाई बिना डोनेशन के, बिना कंपटीशन के और वैश्विक मान्यता के साथ की जा सकती है।

## विद्या अध्यन का जुनून, तेरह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल कर रचा इतिहास,

# शिक्षा के क्षेत्र में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी का अद्वितीय कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले से शिक्षा के क्षेत्र में एक असाधारण उपलब्धि सामने आई है, जिसने पूरे राज्य का ध्यान अपनी ओर खींचा है। शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य का दायित्व निभा रहे गणित विषय के व्याख्याता व ग्राम परसवारा निवासी डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने अपनी अविश्वसनीय सीखने की ललक और समर्पण से एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने हाल ही में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से स्वाध्यायी छात्र के रूप में एम.ए. अंतिम अंग्रेजी की परीक्षा उत्तीर्ण कर कुल तेरह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर लिया है। यह उपलब्धि उन्हें जिले व प्रदेश का पहला और एकमात्र व्यक्ति बनाता है, जिसने शिक्षा के इस शिखर को छुआ है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और निरंतर सीखने की इच्छा रखने वाले किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. रमेश चन्द्रवंशी का अकादमिक सफर दशकों पुराना है, जो सीखने और सिखाने के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने 1996 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अध्ययन शाला से एम.एस-सी. गणित में प्रावीण्य सूची में पाँचवें स्थान पर रहते हुए




अपनी स्नातकोत्तर यात्रा की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने अपनी विशेषज्ञता को शिक्षा के क्षेत्र में विस्तारित किया। उन्होंने सन 2005 में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर से नियमित छात्र के रूप में जनभागीदारी विद्यालयों के संगठनात्मक वातावरण, उपलब्ध सुविधाओं एवं समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर लघु शोध कार्य सफलतापूर्वक पूरा करते हुए प्रथम श्रेणी में मास्टर ऑफ एजुकेशन की उपाधि प्राप्त किया। उनकी स्नातकोत्तर की यात्रा यहीं नहीं रुकी। डॉ. चन्द्रवंशी ने लगातार विभिन्न विषयों में महारत हासिल करते हुए अपनी ज्ञान की परिधि को बढ़ाया। उन्होंने 2004 में राजनीति विज्ञान, 2007 में अर्थशास्त्र, 2009 में इतिहास, 2011 में हिन्दी साहित्य, 2013 में समाजशास्त्र, 2015 में लोक प्रशासन, 2017 में भूगोल, 2019 में दर्शनशास्त्र, 2021 में प्राचीन भारतीय इतिहास, और 2023 में भाषाविज्ञान में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी नवीनतम उपलब्धि 2025 में अंग्रेजी में मास्टर डिग्री प्राप्त करना है, जिसने उनके असाधारण अकादमिक सफर को तेरहवें स्नातकोत्तर के साथ पूरा किया। यह दर्शाता है कि वे न केवल गणित और शिक्षा के क्षेत्र में निपुण हैं, बल्कि उन्होंने विभिन्न सामाजिक विज्ञान, मानविकी और भाषाओं में भी महारत हासिल की है।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन

**कवर्धा।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा 18 जून को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में संघ ने बताया कि संघ के प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक गत 18 मई को आयोजिक की गई थी जिसमें लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर 18 जून के पूर्व विचार कर निराकरण नहीं होने के कारण शासन को ध्यान आकर्षण ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया था। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों को वर्तमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जबकि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

**खबर संक्षेप**

### संघ के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

दुर्ग। ग्राम पंचायत मचांदूर के सरपंच युगल किशोर साहू दुर्ग जनपद सरपंच संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए संघ के सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए ग्राम पंचायत डुमरडीह सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे व समोदा सरपंच अरुण गौतम उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी प्रकार अनिल बंजारे खेदामारा सचिव, सुशील साहू ननकठ्ठी कोषाध्यक्ष, खुमान निषाद कोड़िया एवं कीर्तन साहू कचांदूर मीडिया प्रभारी, दुलारी देशलहरे खम्हरिया कानूनी सलाहकार एवं जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी तथा पूर्व सरपंच नगपुरा भूपेन्द्र रिगरी संघ के संरक्षक बनाए गए हैं सरपंच संघ के इस चुनाव के दौरान दुर्ग जनपद पंचायत क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद थे। सरपंच संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष युगल किशोर एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि, जनपद क्षेत्र के ग्रामीण विकास के लिए वे सदैव क्षेत्र के सरपंचों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही सरपंच के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न प्रकार की आने वाली समस्याओं का सामूहिक रूप से समाधान निकालने का प्रयास करते हुए एकजुटता से कार्य करेंगे संघ के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का जनहित में बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में भी सदैव तत्पर रहेंगे।

### पीएम आवास के 127 हितग्राही कर सकते हैं दावा आपत्ति

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बी.एल.सी.) घटक अंतर्गत मकान आवंटन किया गया है। उसका रैपिड असेसमेंट सर्वे से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर शासन के निर्देशानुसार तृतीय फेस में निकाय की संयुक्त समिति द्वारा परीक्षण उपरांत संशोधित 127 पात्र आवेदनों की सूची दावा आपत्ति हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो 16 से 23 जून तक की अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय जोन क्रं. 3 प्रथम तल में लिखित रूप से दावा आपत्ति कर सकते हैं। इसके बाद किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अमान्य होगा। रैपिड असेसमेंट सर्वे में तृतीय फेस में 127 पात्र आवेदकों की सूची को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी 5 जोन कार्यालयों के सूचना पटल एवं वार्डों के मुख्य स्थलों पर चस्पा किया गया है।

### प्राण घातक हमला करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109(1) , 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एचएससीएल कालोनी तेलहा खुर्सीपार निवासी दुर्गेश कुमार के साथ मारपीट कर गंभीर रुप से घायल किया है। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर दुर्गेश का बयान लिया। उसने बताया कि 12 जून की रात बीएसपी में काम करने खुर्सीपार रेल्वे फाटक के आगे रोलिंग गेट के पास से निकला था। इस दौरान आरोपी लव कुमार व उसका दोस्त जय कुमार रंजिश के चलते चाकू से हमला कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी खुर्सीपार निवासी लव कुमार उर्फ लल्लू को गिरफ्तार किया है।




**कैंप : समाधान में आठवां वर्ष निःशुल्क समर कैंप का हुआ समापन**

# समाधान महाविद्यालय में निःशुल्क समर कैंप में हुआ टैलेंट सर्च एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय विगत एक माह चल रहे निःशुल्क समर कैंप का समापन समारोह व समाधान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एक माह के समर कैंप में विशेषज्ञों द्वारा बताए गए मार्गदर्शन को क्रियान्वित करने पर आने वाले 5 सालों में एक बड़े मुकाम की ओर अग्रसर हो जाएंगे। इसके पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य के बागपत जिले के समाजसेवक आशुतोष चैधरी ने बताया कि परिवार व समाज द्वारा प्रदत्त मूल्यों व संस्कार को अपना कर प्रगति की ओर जा सकते हैं। उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि समर कैंप में सीखे अनुभवों को दैनिक दिनचर्या में लागू करने के लिए प्रेरित किया। आईटी विभाग के विभागाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने बताया कि समर कैंप में सभी क्लासेस फ्लैक्सिबल रूप से संचालित हुई है, जिससे विद्यार्थियों को सीखने में आसानी हुई। समर कैंप के विद्यार्थियों द्वारा समर कैंप में सीखे अनुभवों को साझा किया।

■ समर कैंप के विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया



**स्पोकन इंग्लिश, मेगा मेमोरी व करियर गाइडेंस की जानकारी दी**

*छात्रा चांदनी में बताया कि इस कैंप से हमें स्पोकन इंग्लिश, मेगा मेमोरी व करियर गाइडेंस के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। विकास कुमार वर्मा ने कहा कि भविष्य में हमें क्या बनना है व इसके लिए क्या पढ़ाई करनी है? के बारे में पता चला। सूयांश तिवारी ने कहा कि 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क समर कैंप व विशेषज्ञों द्वारा कैरियर गाइडेंस का मार्गदर्शन हमारे लिए उपयोगी रहा। अनिकेत कुमार वर्मा कहना था कि इस कैंप से मुझमें स्टेज फीयर दूर हुआ व आत्मविश्वास में काफी वृद्धि हुई हैं। मेधावी चैबे ने बताया कि हमें स्पोकन इंग्लिश, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट , कंप्यूटर स्किल व अवचेतन मन की शक्तियों के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे-गणेश वंदना, एकल नृत्य, गीत व गरबा में प्रस्तुति दी गई।*

**निरंतर प्रयास और जागरूकता जरूरी**

महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समर कैंप के आयोजन को तभी सफल माना जाएगा, जब सभी विद्यार्थी अपने करियर का निर्धारण कर लक्ष्य तक पहुंच जाए। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास व स्व- जागरुकता अनिवार्य हैं। मंच का संचालन मीडिया विभाग से सुभाष निर्मलकर व छात्रा प्रियंका देवांगन द्वारा किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।अंत में,12वीं पास विद्यार्थियों के लिए समाधान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन कराया गया। टैलेंट सर्च एग्जाम में प्रति संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 100 प्रतिशत, द्वितीय से पंचम को 50 प्रतिशत तथा षष्ठम से दशम को 25 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी व समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जी.डी. मानिकपुरी, निधि तिवारी, योगेश्वर सिन्हा, विनीता अग्रवाल, प्रीति शर्मा, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, रेशमा पटेल, रितेश साहू, जोगेंद्र साहू, हुतेंद्र कुमार सिन्हा व धर्मपाल नोन्हारे सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# गलियों में मुरुम डालने से सिंघौरीवासियों को राहत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला

जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिंघौरी के गलियों में मुरुम डालने से वार्डवासियों को कीचड़ से निजात मिला। आपको बता दें कि सालों से बारिश के दिनों में वार्ड में पानी के भराव व कीचड़ से परेशान होते थे। इसी समस्या को देखते हुए नवनिर्वाचित सरपंच श्यामा संजय यादव(यदु) ने कई वार्ड में मुरुम डाला। इससे ग्रामीणों को कीचड़ से निजात मिलने से खुशी की लहर देखने को मिला। इस संबंध में सरपंच श्यामा संजय यदु ने बताया कि बारिश दिन शुरू हो गए है। कई गलियों में बारिश का पानी भर जाने से कीचड़युक्त हो जाते थे। जिससे ग्रामीणों को परेशानी झेलना मजबूरी बन गया था। इसी के चलते आने वाले बारिश के पहले गलियों में मुरुम डाला गया। साथ ही नाली निर्माण व सीसी रोड की निर्माण की मांग किया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को कोई समस्या न हो।

# गुरमत कैंप के समापन पर दी बच्चों ने शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

सिक्ख समाज द्वारा गुरु हरगोबिंद साहिब का 430वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें 150 से अधिक संगतों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत शब्द गायन और कविता ने माहौल को भक्तिमय कर दिया।

गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल धर्म प्रचार कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 36 बच्चों ने शब्द गायन और कविता के माध्यम से संगत को निहाल किया। साथ ही, सात दिनों से चल रहे गुरमत कैंप का भी समापन हुआ, जिसमें बेमेतरा सिक्ख समाज के 34 बच्चों ने भाग लिया। कैम्प में भाई मनप्रीत सिंह (पंजाब) ने बच्चों को गुरमत शिक्षा, कविता और सिक्ख रहत मर्यादा की जानकारी दी। समापन अवसर पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गुरप्रीत कौर और शैली छाबड़ा ने बताया कि गुरु हरगोबिंद साहिब जी को मात्र 11 वर्ष की आयु में गुरगद्दी प्राप्त हुई थी। उन्होंने 1608 में अकाल तख्त साहिब की नींव रखी, जो आज पांच तख्तों में से एक है। गुरु साहिब एक महान योद्धा भी थे जिन्होंने मुगल शासन के खिलाफ चार रक्षात्मक युद्धों में विजय प्राप्त की। कार्यक्रम में गुरु साहिब के बंदी छोड़ दाता बनने की ऐतिहासिक कथा का भी उल्लेख किया गया, जब उन्होंने 52 राजाओं को मुक्त करवाया था। अध्यक्ष हरजीत सिंह खनूजा, सचिव हरदीप सिंह छाबड़ा (राजा), प्रीतम हुरा, कश्मीर सिंह, हेमंत नेहरू,पार्षद रोशन दत्ता, घनश्याम गुंबर, इंदर सिंह दत्ता, विनय सलूजा, हरभजन सिंह खनूजा, बंटी सिंह दत्ता, मालक गुंबर, पप्पी सिंह अजमानी, हरजीत सिंह हुरा, वरिंदर सिंह सलूजा, बलवंत गुंबर सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं संगत कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

■ गुरु हरगोबिंद साहिब का 430वां प्रकाश पर्व मनाया गया

# आज से 30 तक लाभ संतृप्त शिविरों के होंगे आयोजन

**बेमेतरा।** जिले में आज 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों / हक से संतृप्त किया जाना और इस अभियान के प्रति जनजागरूकता की जाएगी। बेमेतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत झालम में पंचायत भवन में 16 और 27 जून को शिविर आयोजित होगा । इसी तरह साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत कामकावड़ा के ग्राम बुड़ेरा प्राथमिक शाला में 19 और 20 जून को आयोजित होगा ।

साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम कोरवाय में प्राथमिक शाला में 26 और 27 जून को शिविर लगेगा।धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बोईकछार में 23 और 24 जून को शिविर आयोजित होगा । इस अभियान में ग्राम स्तर / क्लस्टर स्तर पर शिविरों के माध्यम से स्थल पर लाभ जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकल सेल स्क्रीनिंग, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान केडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पी एम जनधन खाता, फसल बीमा,, पी एम जीवन ज्योति बीमा योजना, पी एम सुरक्षा बीमा योजाना, पेंशन योजना (वृद्धा पेंशन, विधवा पेशन, दिव्यांग पेंशन), मनरेगा, जौब कार्ड, पी एम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन, महिला एवं बालविकास विभाग की विभिन्न योजना सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, श्रम कार्ड/ ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (एल.पी. जी.), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, बाड़ी विकास, जल जीवन मिशन अन्तर्गत नल कनेक्शन / सामुदायिक नल जल, जन्म प्रमाण पत्र, प्रत्येक घरों में विद्युत उपलब्धता, पोषण वाटिका, प्रधानमंत्री आवास योजना / व्यक्तिगत शौचालय / सामुदायिक शौचालय निर्माण तथा कौशल प्रशिक्षण सेवाओं के प्रदाय हेतु कार्यवाही किया जाना है।

# पुराने सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शिक्षक साझा मंच छग द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें उन्होने 2 अगस्त 2024 युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार युक्तियुक्तकरण करने, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन व अन्य लाभ देने मांग की है। मंच ने कहा कि वर्तमान में किए गए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में दावा आपत्ति नहीं लिया गया, कई मामलों में वरिष्ठ को कनिष्ठ एवं कनिष्ठ को वरिष्ठ बनाया गया। समस्त रिक्त पदों की जानकारी सार्वजनिक नहीं किया गया, कालखंड के अनुसार रिक्त पद की गणना का मापदंड ब्लॉक में अलग-अलग निर्धारित किया गया। अतिशेष घोषित करने की प्रक्रिया में कुछ शिक्षकों को जबरदस्ती अतिशेष घोषित किया गया। विद्यार्थी दर्ज संख्या में हेर फेर किया गया।



इसके साथ ही युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां है, उन्होने दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं व्यापक विसंगति को देखते हुए, 2 अगस्त 2024 को जारी नियम के तहत हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाने की मांग की है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरीत है। उन्होने कहा प्राथमिक विद्यालयों में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधान पाठक एवं दो सहायक शिक्षक तथा पूर्व माध्यमिक शाला में 105 विद्यार्थियो पर एक प्रधान पाठक व चार शिक्षक का पद यथावत रखा जाए। हायर सेकेंडरी स्कूल में वाणिज्य संकाय के पूर्ववत 2 पद रखा जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर की डबल बैंच के फैसले के अनुसार सोना साहू शिक्षक पंचायत, शिक्षक एलबी को पंचायत व शिक्षा विभाग का पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्त्रत वेतनमान भुगतान किया गया है, इसी तरह प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान के लिए जनरल आर्डर जारी किया जाए।

# मानवता के लिए रक्तदान है मूल्यवान, लोगों को करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भभिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर नौ के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किय गया। वैश्विक थीम "रक्तदान करें, आशा दें के साथ मिलकर जीवन बचाएं के तहत दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक बीके गिरी ने किया । जेएलएनएच एंड आरसी ब्लड सेंटर में 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एम रविंद्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां. विनीता द्विवेदी, डां. उदय कुमार, डां. सौरव मुखर्जी भी उपस्थित थे। श्री गिरी ने स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर इस अभियान में भागीदारी निभाई और वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकिसालय स्टाफ एवं बीएसपी सामूहिक को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो देखने में छोटा लगता है लेकिन यह मानवता के लिए मूल्यवान योगदान सिद्ध होता है। रक्तदान' वास्तव में 'महादान' है, ऐसा दान जो जीवन देता है।



**रक्तदान के लिए किया प्रेरित**

चिकित्सकों ने कहा की डब्ल्यूएचओ द्वारा लोगों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। डांक्टरों ने रक्तदाता दिवस 14 जून को लोगों से रक्तदान महादान का आह्वान किया। कहा कि रक्तदान एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और निःस्वार्थ रूप से रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार प्रकट करना है। यह दिवस इस सच्चाई की याद दिलाता है कि रक्तदान एक निःस्वार्थ कर्म है जो हर वर्ष लाखों लोगों का जीवन बचाता है, चिकित्सा एवं शल्य प्रक्रियाओं को संभव बनाता है तथा स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त करता है।

# कलामंदिर में भरथरी गायन को नाट्य शैली में देख दर्शक हुए भाव-विभोर

**भिलाई।** कला मंदिर भिलाई में चल रहे दो दिवसीय लोकनाट्य उत्सव के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन मंचित नाटक भरथरी वैराग्य की गाथा की प्रभावी प्रस्तुति में त्याग और तपस्या का यही संदेश दिखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर अलका बाघमार व विशेष अतिथि वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री डोमार सिंह,पद्मश्री पंथी नर्तक डां, आरएस बारले,भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी थे। अतिथियों ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि छग के कलाकारों ने देश दुनिया में यहां का नाम रौशन किया है। नाट्य संस्था रंग सरोवर द्वारा राजा भरथरी की गाथा की प्रभावी प्रस्तुति को आज भी दर्शकों ने सराहा। निर्देशक भूपेंद्र साहू निर्देशित भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक में महाराजा भरथरी की प्रेरक जीवन गाथा को कलाकारों ने पूरी तन्मयता से प्रस्तुत किया। पहली बार भरथरी गायन शैली को नाटक शैली में मंचित देख दर्शक विभोर हो गए। नाटक में उज्जैन के राजा भर्तहरि के योगी के वरदान से जन्म, रानी से विवाह फिर सोने के पलंग के टूटने का रहस्य से लेकर वैराग्य व तपस्या तक दिखाया गया। नाटक में सभी कलाकारों ने बेहतर अभिनय किया। राजा भरथरी की भूमिका मिथुन खोटे व पत्नी रानी सामदेयी का किरदार योगिता मढ़रिया ने निभाया। गोरखनाथ चंद्रहास, रानी रुपदेयी जागेश्वरी, कैना जागेश्वरी मेश्राम, चंपा चेरी निधि, रोशनी बनीं। मिरगा का किरदार दीपक, मिरगिन सिंधु ने निभाया। कथावाचक अमर सिंह थे। मधुर गायन में राजेंद्र साहू, गंगा प्रसाद योगिता व सिंधू का था। साजिंदे भारत बघेल,मोहन साहू, मोनू पाटिर खेम यादव व गिरवर साहू नाटक को संगीतमय बनाया।

# जिपं अध्यक्ष से रोजगार सहायक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शुक्रवार को दुर्ग के ग्राम पंचायत खम्हरिया में चल रहे मनरेगा कार्य का दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने औचक निरीक्षण किया एवं कार्य स्थल में जा कर मजदूरों को कार्य करने में होने वाली समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से भेंट कर उनकी पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से जाना। ग्रामीणों ने बताया रोजगार सहायक द्वारा लंबे समय से ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते है एवं शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना आदि में हितग्राहियों से राशि की मांग करना जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। श्रीमती बंजारे ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर व शिकायत पर शिघ्र जांच कराकर दोषियों पर उचित कार्यवाई किराए जाने की बात कही। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष के औचक निरिक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति जिला पंचायत श्रद्धा पुरेन्द्र साहू, ग्राम पंचायत खम्हरिया सरपंच दुलारी देशलहरे, पंचायत सचिव डोमेन्द्र पटेल, पंच अनिकेत देशलहरे, रोजगार सहायक जिवेश साहू एवं खम्हरिया के ग्रामवासी उपस्थित थे।




# सेक्टर 5 और 6 में 22 अवैध कब्जे हटाए गए, जारी रहेगी बेदखली मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को सेक्टर–5 और सेक्टर–6 में अवैध कब्जों के विरुद्ध 22 आवासों को खाली कराया। कार्रवाई के दौरान सेक्टर–5 के सड़क 3 स्थित 12 आवास, क्रमांक 103, 104, 120, 205, 206, 701, 704, 716, 718, 719, 720 और 801, से अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को बेदखल किया गया। इसके अलावा सेक्टर 6 सड़क 42, ब्लाक 4 के नौ आवासों क्रमांक जे, के, एल, एम, एन, ओ, पी, क्यू और क्वार्टर आर को भी खाली करवाया गया। इन आवासों से दरवाजे और खिड़कियां हटाकर उन्हें मेंटेनेंस कार्यालय को सुपुर्द किया गया । इसके अतिरिक्त, सेक्टर–6 में स्थित एक और आवास (1एफ/सड़क–23/सेक्टर–06) को भी अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसके वैध आवंटी को सौंपा गया।



